भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 520
25 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन

520. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटीलः

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार स्मार्ट सिटी मिशन (एसीएम) का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रही है और यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति का क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में एससीएम के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए आवंटित की गई धनराशि का शहर-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) एमसीएम के अंतर्गत सांगली शहर की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सांगली को स्मार्ट सिटी के रूप में चुना गया है; और

(ङ) यदि हां, तो सांगली में एससीएम ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित अथवा चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) 25 जून, 2015 को शुरू किया गया था और दो-चरणीय चुनौती प्रक्रिया के माध्यम से एससीएम में 100 शहरों का चयन किया गया है। 100 स्मार्ट शहरों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 12 जुलाई 2024 तक, 7,218 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिनकी लागत 1,45,083 करोड़ रुपये है। महाराष्ट्र राज्य ने एससीएम के तहत 17,042 करोड़ रुपये की 347 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 14,778 करोड़ रुपये की 313 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। महाराष्ट्र के स्मार्ट शहरों की शहर-वार वास्तविक और वित्तीय प्रगति अनुलग्नक-1 में दी गई है।

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य में एससीएम के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए शहर-वार आवंटित धनराशि अनुलग्नक-II में दी गई है।

(ग) और (घ) चुनौती प्रक्रिया के 2 चरणों के बाद स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत 100 शहरों का चयन किया गया है। पहले चरण में राज्य सरकारों ने राज्य को आवंटित शहरों के अनुसार पूर्ववर्ती शर्तों और स्कोरिंग मानदंडों के आधार पर राज्य के भीतर संभावित स्मार्ट शहरों को शॉर्टलिस्ट किया। पहले चरण में सफल होने वाले शहरों को राज्य सरकारों द्वारा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) को अनुशंसित किया गया । सांगली के संबंध में प्रस्ताव महाराष्ट्र राज्य द्वारा अनुशंसित शहरों की सूची में नहीं था।

****

अनुलग्नक-I

'महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन' विषय पर दिनांक 25.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 520 के भाग (क) का उत्तर

12.07.2024 तक महाराष्ट्र के स्मार्ट शहरों की परियोजनाओं के लिए जारी/उपयोग की गई निधियों और उनकी प्रगति का शहर-वार विवरण

(राशि करोड़ रुपये में)

राज्य/शहर	कुल जारी धनराशि (भारत सरकार+राज्य)	कुल उपयोग (भारत सरकार+राज्य)	जारी परियोनाएं		पूर्ण परियोनाएं		कुल परियोजनाएं	
			परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि
औरंगाबाद	985.00	901.13	5	250.4 4	42	2585	47	2835.4
कल्याण-डोम्बीवली	955.50	895.92	4	528.72	15	715.86	19	1244.58
नागपुर	871.88	832.64	13	305.44	34	1462.27	47	1767.71
नासिक	843.12	749.44	5	293.28	48	2903.91	53	3197.19
पिंपरी-चिंचवाड़	979.92	1,097.83	3	168.77	22	1134.84	25	1303.61
पुणे	980.02	980.02	0	0	55	3333.07	55	3333.07
सोलापुर	985.00	962.93	1	394	48	1256.56	49	1650.56
ठाणे	980.00	892.33	3	324.01	49	1386.04	52	1710.05
कुल	**7,580.44**	**7,312.24**	**34**	**2264.62**	**313**	**14777.55**	**347**	**17042.17**

राज्यों/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार

अनुलग्नक-II

महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन विषय पर दिनांक 25.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 520 के भाग (ख) का उत्तर

12.07.2024 तक महाराष्ट्र में एससीएम के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए जारी/उपयोग की गई निधियों और उनकी प्रगति का शहर-वार विवरण

(राशि करोड़ रुपये में)

शहर का नाम	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	आज तक कुल केंद्रीय रिलीज 12 जुलाई, 2024	भारत सरकार निधि का उपयोग
औरंगाबाद	0.00	98.00	98.00	0.00	490.00	454.97
कल्याण-डोम्बीवली	0.00	98.00	196.00	0.00	490.00	467.93
नागपुर	76.77	49.00	110.25	0.00	453.25	453.25
नासिक	0.00	49.00	183.75	0.00	428.75	423.01
पिंपरी-चिंचवाड़	98.00	98.00	0.00	0.00	490.00	490.00
पुणे	49.00	98.00	0.00	0.00	490.00	490.00
सोलापुर	147.00	24.16	73.84	0.00	490.00	490.00
ठाणे	98.00	98.00	98.00	0.00	490.00	480.80
राज्य कुल	**468.77**	**612.16**	**759.84**	**0.00**	**3822**	**3749.96**

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार